>

Title: Need to make Gorakhpur a centre for UPSC examinations.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): महोदय, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा और सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा वर्ष में दो बार तथा अन्य परीक्षायें वर्ष में एक बार आयोजित की जाती हैं । वर्तमान में गोरखपुर को मात्र सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा का ही केन्द्र बनाया जाता है । अभ्यर्थियों को अन्य परीक्षाओं के लिए लखनऊ अथवा प्रयागराज जाना पड़ता है । जैसा कि सरकार अवगत है कि गोरखपुर पूर्वांचल के विद्यार्थियों के लिए प्रमुख शिक्षा का केन्द्र है, जहाँ पर आसपास के करीब 20 जिलों के अतिरिक्त पड़ोसी राज्य बिहार के भी विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं । गोरखपुर में दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के अतिरिक्त महामना मदनमोहन मालवीय तकनीकी विश्वविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय में भी विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा में ज्ञान अर्जन करते हैं । गोरखपुर, भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना का बड़ा केन्द्र होने के कारण बड़ी संख्या में यहाँ सेवारत एवं पूर्व सैनिकों के परिवार भी निवास करते हैं, जो पूर्वांचल के लोगों के लिए सेना में जाने की प्रेरणा प्रदान करता है । वर्तमान में माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी की सरकार द्वारा महिलाओं को सेना में शामिल होने के अच्छे अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में इस क्षेत्र की महिलाएं सेना में जाने का जज्बा भी दिखा रही हैं ।

महोदय, पूर्वांचल की एक बड़ी संख्या अपने जीविकोपार्जन हेतु घर से दूर अन्य प्रदेशों में काम करती है, जिनके लड़के एवं लड़कियां गोरखपुर या पास के नगरों में रहकर शिक्षा प्राप्त करते हैं । संघ लोक सेवा आयोग का परीक्षा केन्द्र दूर होने के कारण एवं अभिभावक की अनुपस्थिति तथा आर्थिक स्थिति अनुकूल न रहने की वजह से ढेर सारे बच्चे मुख्यत: लड़कियाँ इन परीक्षाओं में शामिल होने से वंचित रह जाते हैं ।

अत: सदन के माध्यम माननीय मंत्री, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से निवेदन है कि गोरखपुर को संघ लोक सेवा आयोग की सभी परीक्षाओं का केन्द्र बनाने की कृपा करें। धन्यवाद।